डा० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-589 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2021–22 दिनांकः– 20 दिसम्बर, 2021

बैक पेपर परीक्षा दिसम्बर, 2021 हेतु ऑनलाइन आवेदन
विषयक आवश्यक सूचना

(माह मई, 2021 अधिसत्र / वार्षिक परीक्षा जो माह जुलाई–अगस्त, 2021 में संपन्न हुई थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए बी0कॉम0 एलएल0बी0 एवं बी0पी0ओ0 अधिसत्र / वार्षिक हेतु अर्ह विद्यार्थियों के लिए बैक पेपर परीक्षा का आयोजन हेतु ऑनलाइन आवेदन)

विश्वविद्यालय में संचालित बी0कॉम0एलएल0बी0 एवं बी0पी0ओ0 पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की मई, 2021 सम अधिसत्र / वार्षिक परीक्षा जो माह जुलाई–अगस्त, 2021 में विश्वविद्यालय में संपन्न हुई थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए सम अधिसत्र / वार्षिक परीक्षा हेतु अर्ह विद्यार्थियों के लिए बैक पेपर परीक्षा का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि बी0कॉम0एलएल0बी0 (द्वितीय / चतुर्थ / षष्ठम् / अष्ठम्) एवं बी0पी0ओ0 (प्रथम वर्ष) पाठ्यक्रमों में सम अधिसत्र / वार्षिक परीक्षा के आयोजन के उपरांत उक्त परीक्षा की बैक पेपर के लिये अर्ह पाये गये विद्यार्थियों (अधिकतम चार प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी) को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित व्यवस्थानुसार सम्बन्धित विषयक अधिसत्र / वर्ष के अधिकतम 04 प्रश्न–पत्रों का बैक पेपर के लिये ऑन लाइन आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु नियमानुसार गैर दिव्यांग विद्यार्थी को 01 अवसर तथा दिव्यांग विद्यार्थी को 02 अवसर प्रदान किया जाना है।

विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय में संचालित बी0कॉम0एलएल0बी0 (द्वितीय / चतुर्थ / षष्ठम् / अष्ठम्) एवं बी0पी0ओ0 (प्रथम वर्ष) पाठ्यक्रमों के बैक पेपर परीक्षा के सम्बन्ध में अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./ Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये **बैक पेपर परीक्षा आवेदन दिनांक 18.12.2021 से दिनांक 26.12.2021 तक बैक पेपर परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकते हैं।** साथ ही विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में विद्यार्थी उक्त ऑन लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।

2) **विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सम्बन्ध में** बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500 / – की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN) में RTGS/NEFT** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार बैक पेपर परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी।

ऑनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 26.12.2021 को किसी भी दशा में विस्तारित नहीं किया जायेगा। अतः परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।

3) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–7800006820** पर सम्पर्क करें।

4) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख / निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र / प्रमाण–पत्र स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र / प्रमाण–पत्र की साइज

डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा समय–सारिणी शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE – 589 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2021–22 दिनांकः–20 दिसम्बर, 2021

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
7. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को समस्त संलग्नकों सहित विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 28.12.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।।
8. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ / अनुभाग को अनुपालनार्थ।
9. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

20/12/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक